# लोक-सभा वाद-विवाद
# का
# संक्षिप्त अनूदित संस्करण

## SUMMARISED TRANSLATED VERSION
## OF

## 4th
## LOK SABHA DEBATES

[ नवां सत्र ]
Ninth Session

Preservation
11-8-84
Fumigated
06.11.84
50
Parliament Library

[खंड 34 में अंक 11 से 20 तक हैं
Vol. XXXIV contains Nos. 11 to 20]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : एक रुपया

*Price : One Rupee*

विषय-सूची/CONTENTS

**अंक 19, शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 1969/21 अग्रहायण, 1891 (शक)**

*No.* 19, *Friday December* 12, 1969/*Agrahayana* 21, 1891 (*Saka*)


| विषय | Subject | पृष्ठ/Pages |
|---|---|---|
| सभा का कार्य | Business of the House ... | 1–2 |
| कार्य मंत्रणा समिति | Business Advisory Committee | –3 |
| 42 वां प्रतिवेदन | Fourty Second Report | |

# लोक--सभा

# LOK-SABHA

**शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 1969/21 अग्रहायण, 1891 (शक)**

*Friday, December 12, 1969/Agrahayana 21, 18 1 (Saka)*

---

**लोक–सभा ग्यारह बजे समवेत हुई**

*The Lok-Sabha met at Eleven of the Clock*

**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
**Mr. Speaker** ***in the Chair***

## सभा का कार्य

## BUSINESS OF THE HOUSE

**Shri Randhir Singh** (Rohtak) : Mr. Speaker, Sir, I wish Id Mubarak to you, to the Parliament and to the Nation. I suggest that we may adjourn for today.

**Mr. Speaker** : I also wish happy Id to you and to the whole country. If you want holiday then this day will be 'mubarak' to all.

**श्री सेझियान** (कुम्बकोणम) : क्योंकि दिल्ली में ईद आज मनाई जा रही है, इसलिए अल्पसंख्यकों का आदर करते हुए आज के लिए सभा का कार्य स्थगित कर दिया जाना चाहिए। आज का कार्य कल किया जा सकता है। मुझे आशा है कि सभा मेरे प्रस्ताव से सहमत होगी।

**गृह कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण)** : यदि सभा ऐसा चाहे तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।

**Shri Prakash Vir Shastri** (Hapur) : Sir, Id had been celebrated yesterday on the basis of visibility of the moon in Hyderabad and Patna and in some other parts of the country. As Id festival has already been celebrated almost all over the country, it is not good to bring the Parliament on such a cheap level. Secondly, the Select Committee on Central Excise is scheduled to leave for Saharanpur and some other places tomorrow. So I do not agree with the suggestion that today's work should be taken up tomorrow.

श्री कृष्ण कुमार चटर्जी (हावड़ा) : मुसलमानों की इच्छा का सम्मान करते हुए आज सभा को स्थगित कर दिया जाना चाहिए ।

**Shri Shashi Bhushan (Khargaon)**: Sir, there should be holiday for today. The suggestion for adjournment should be accepted.

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : कार्य मंत्रणा समिति ने यह निर्णय किया है कि सरकारी कार्य को करने के लिए सभा की बैठक कल भी होगी । अतः सभा में कल सरकारी कार्य लिया जायेगा । आज का शेष कार्य नहीं लिया जायेगा । यदि श्री इमाम का गैर सरकारी प्रस्ताव भी कल लिया जाये तो हमें कोई आपत्ति नहीं है ।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी (केन्द्रपाडा) : श्री जगजीवन राम से सम्बन्धित श्री इमाम का प्रस्ताव बहुत महत्वपूर्ण है । उस पर होने वाले वाद-विवाद में मैं भी भाग लेना चाहता हूं । किन्तु कल मैं यहां नहीं हूंगा । इसलिए यदि आपकी अनुमति हो तो उसे मंगलवार को लिया जा सकता है ।

अध्यक्ष महोदय : श्री रणधीर सिंह, श्री शशि भूषण तथा अन्य सदस्यों ने यह सुझाव दिया है कि चूंकि दिल्ली में 10 तारीख की शाम को चांद दिखाई नहीं दिया था और इसलिए आज ईद मनाई जा रही है, अतः सभा आज के लिए स्थगित कर दी जाये । यह सुझाव बड़ा अच्छा है । यह सम्प्रदाय बड़ा महत्वपूर्ण है और उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती । किन्तु जहां तक श्री इमाम के संकल्प का सम्बन्ध है इसे मंगलवार को लिया जा सकता है । यदि आवश्यक हुआ तो हम रात में देर तक बैठ जायेंगे । जहां तक कल के लिए निश्चित कार्य का सम्बन्ध है, कार्य मंत्रणा समिति ने यह प्रस्ताव किया है कि सभा शनिवार को बैठे । इस सम्बन्ध में श्री रघुरामैया नियमित रूप से प्रस्ताव करें ।

श्री बाबूराव पटेल (शाजापुर) : श्रीमान् यह धर्म निर्पेक्ष राज्य की संसद है । क्या यह उचित है कि हम जातीय त्यौहारों के लिए संसद को स्थगित करते रहें और राष्ट्र के काम को इस प्रकार से ठप्प करते रहें ?

अध्यक्ष महोदय : धर्म निर्पेक्ष राज्य का अर्थ यह नहीं है कि लोगों को अपने धार्मिक त्यौहार मनाने का अधिकार छीन लिया जाये । अपने-अपने त्यौहार मनाने का अधिकार उन्हें भी है । [अन्तर्बाधाएं]

**Shri Ram Gopal Shalwale (Chandni Chowk)** · Mr. Speaker, Sir, the Id Holiday was declared for yesterday. So question does not arise whether some body has seen the moon or not. If it is not a Hindu State, it is certainly not a Muslim State. So the House should not adjourn today.

---

# कार्य मंत्रणा समिति

## BUSINESS ADIVISORY COMMITTEE

### 42 वां प्रतिवेदन

**संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : मैं प्रस्ताव करता हूं :**

" कि सभा में 10 दिसम्बर 1969 को प्रस्तुत किये गये कार्य मंत्रणा समिति के 42वें प्रतिवेदन से यह सभा सहमत है।"

**अध्यक्ष महोदय :** प्रस्ताव यह है :

"कि सभा में 10 दिसम्बर 1969 को प्रस्तुत किये गये कार्य मंत्रणा समिति के 42 वें प्रतिवेदन से यह सभा सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted

**अध्यक्ष महोदय :** कल हम सरकारी कार्य लेंगे और श्री इमाम का संकल्प मंगलवार को लिया जायेगा। आज का जो कार्य शेष रह जायेगा उसके लिए भी किसी न किसी प्रकार प्रबन्ध किया जायेगा।

**इसके पश्चात लोक सभा शनिवार 13 दिसम्बर, 1969/22 अग्रहायण 1891 (शक) के 11 बजे म. पू. तक के लिए स्थगित हुई।**

**The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Saturday, December 13,1969/Agrahayana 22, 1891 (Saka).**

---

डायमण्ड प्रिंटिंग प्रेस, जयपुर-3